मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-142
11/02/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में जमुई जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 11 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में जमुई जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समाहरणालय, जमुई के संवाद कक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जमुई जिले के विधान पार्षद एवं विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रहीं विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं मत्स्य संसाधन के विकास के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवासीय विद्यालय का निर्माण शुरू कराएं। साथ ही अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण जल्द शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी भवन बनाए गए हैं उसका मेंटेनेंस ठीक रखें। इस क्षेत्र में वर्षा कम होती है, सुखाड़ प्रभावित किसानों को हमलोग हरसंभव मदद करते हैं। इस वर्ष भी सुखाड़ प्रभावित किसानों को सहायता राशि उनके बैंक खाते में भेजी गई। सात निश्चय–2 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए तेजी से काम करें। पहाड़ियों की तलहटी में वर्षा जल संग्रहण के लिए उपाय करें। जल संरक्षण होने से किसानों को सिंचाई कार्य में सुविधा होगी। साथ ही भूजल स्तर भी ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में पथ निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों को लेकर जो समस्या उत्पन्न होती है उसको लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इसके समाधान के

लिए कार्य करे। पेयजल, सिंचाई, पथ निर्माण संबंधी कार्यों में होने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर जल संसाधन, लघु जल संसाधन, पथ निर्माण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी इस क्षेत्र का एक साथ दौरा करें और विशेषज्ञों से भी सलाह लेकर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को लेकर जो भी संभव होगा हमलोग मदद करते रहेंगे।

जमुई के जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में भवन निर्माण मंत्री सह जमुई जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, विधान पार्षद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक मुंगेर प्रक्षेत्र श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी जमुई श्री अवनीश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जमुई श्री शौर्य सुमन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान यात्रा का मकसद यही है कि जिलों में जाकर सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों को देखना और आगे क्या करने की जरुरत है उसकी जानकारी लेना। यात्रा पर निकलने से इन सब चीजों के बारे में जानकारी मिलती है। यात्रा के दौरान लोगों की बातें भी सुनी जाती हैं। अगर लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या है तो उसके समाधान का निर्देश अधिकारियों को देते हैं। सभी चीजों की विस्तृत रुप से समीक्षा भी की जाती है। सभी बातों को जानने के बाद तय किया जाता है कि आगे क्या काम तेजी से करना जरुरी है। इसको लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है। 16 फरवरी को समाधान यात्रा समाप्त करने के बाद एक–एक जगह की समस्या को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। हमलोग जितना काम कर रहे हैं उसे आगे भी करते रहना है। इसके अलावा आगे भी जो कुछ करना जरुरी होगा उसे करेंगे। यहां पर सिंचाई और पेयजल को लेकर थोड़ी समस्या है। इसका समाधान कैसे किया जाय, इसको लेकर हमलोगों ने विस्तार से चर्चा की है। हमने चार विभागों के अधिकारियों से बात करके इसका समाधान करने को कहा है।

जमीयत उलेमा–ए–हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के हिंदू–मुस्लिम को लेकर दिये गये बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमलोग यात्रा पर हैं। मुझे ऐसे किसी बयान के बारे में जानकारी नहीं है। हमलोग जाति–धर्म की राजनीति नहीं करते हैं। हमलोग सभी को एक साथ लेकर चलते हैं। बिहार में हमलोगों ने सभी के हित में काम किया है और आज भी कर रहे हैं। कौन क्या बोलता है, इससे हमको कोई मतलब नहीं है। हमने ऐसे किसी बयान को देखा भी नहीं है।

बिहार में कैबिनेट विस्तार के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग उप मुख्यमंत्री से पूछ लीजिए। गठबंधन सरकार में किस पार्टी के कितने मंत्री होंगे यह तय है। आगे वे लोग आपस में बात कर लेंगे। हमलोग इंतजार ही कर रहे हैं, वे लोग जो तय करेंगे उस पर विचार किया जायेगा। हमसे भी कांग्रेस के लोगों ने मिलकर कहा था तो हमने कहा था कि आप उनसे बात कर लीजिए।

राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव के भारत आने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अभी दिल्ली आ रहे हैं। जब उन्हें पटना आना होगा तो वे यहां आयेंगे। अब वे स्वस्थ हो गये हैं।

******